**WEBSITE UPLOAD**

दूरभाष / Tele : 07662-292135, 254803
ईमेल / E-mail : ssrewa@sainikschoolsociety.in

सैनिक स्कूल / Sainik School
रीवा मध्य प्रदेश / Rewa Madhya Pradesh
पिन / Pin – 486001

डाक/ईमेल द्वारा
By Dak/Email

एसएसआर / 1225 / पीसी / प्रशिक्षण नवम्बर 2025
SSR/1225/PC/Trg 06 Nov 2025

समस्त अभिभावक

**शीतकालीन अवकाश सत्र 2025–2026**

प्रिय अभिभावक,

1. आपको यह सूचित किया जाता है कि दिनांक **22 दिसम्बर 2025** से **15 जनवरी 2026** तक विद्यालय **शीतकालीन अवकाश** हेतु बन्द रहेगा। कैडेट्स 20 दिसम्बर 2025 अपरान्ह (मध्यान्ह भोजन के बाद) विद्यालय से घर के लिए प्रस्थान कर सकते हैं तथा 15 जनवरी 2026 को सायं 06:00 बजे तक विद्यालय में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है।

This is to inform you that the school will remain closed for Winter Vacation from **22 Dec 2025 to 15 Jan 2026**. Cadets can leave the school for home on 20 Dec 2025 in the afternoon (after lunch) and they will report back in the School by 1800 hrs on 15 Jan 2026 mandatorily.

2. **अभिभावक शिक्षक बैठक** दिनांक **20 दिसम्बर 2025** को **अपरान्ह 12 बजे से 01 बजे** तक विद्यालय के मानेकशॉ सभागार में (ऑफलाईन एवं ऑनलाईन) आयोजित की जाएगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर विद्यालय के संचालन में अपना बहुमूल्य सुझाव प्रदान करें।

Parent Teacher Meeting will be held on 20 Dec 2025 from 1200hrs to 1300hrs in the Manekshaw Auditorium of the School (offline and online). All the parents are requested to attend the meeting compulsorily and provide their valuable suggestions.

3. 6वीं से 8वीं के छात्रों को छोड़ शेष छात्र इस संस्था से अपने गृह स्थान तक अपनी व्यवस्था के अनुसार पहुँचेंगे। आपसे अनुरोध है कि आप अपने पाल्य से उसके आगमन की पूर्व सूचना प्राप्त कर लें और अपने पाल्य को रेल्वे स्टेशन / बस स्टेशन से ले जायें। कक्षा 6वीं से 8वीं के छात्रों को अवकाश में जाने की अनुमति तभी दी जायेगी जब स्वयं उनके माता–पिता या फिर कोई माता–पिता द्वारा लिखित रूप में फोटो सहित अधिकृत व्यक्ति उन्हें लेने आये।

Except for Cadets of classes VI to VIII, the remaining Cadets will reach their home from this institution as per their own arrangements. You are requested to obtain prior information from your ward about his/her arrival and pick up your ward from the railway station/bus station. Cadets of classes VI to VIII will be allowed to go on vacation only when their parents themselves or any person authorized by the parents in writing along with photographs come to pick them up.

4. **नियत तिथि को कैडेट के वापस न आने की स्थिति में उन्हें आर्थिकदण्ड स्वरूप रुपये 500 / – प्रतिदिन उसके विद्यालय में उपस्थित होने तक के दिनों के लिये देय होगा तथा कैडेट के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जायेगी।**

**In case the Cadet does not report on the due date, he/she will be charged a monetary penalty of Rs. 500/- per day for the days till he/she returns to School and disciplinary action will also be taken against him/her.**

5. कृपया विदित हो कि इस अवकाश अवधि के पश्चात् अगला अवकाश अगले वर्ष गर्मियों (मई–जून) में ही दिया जावेगा।

Please note that after this vacation, next vacation will be given only in the Summer (May-June) of next year.

6. आपसे अनुरोध है कि अपने पाल्य का रेल्वे रिजर्वेशन समय रहते करवा लें, जिससे कि उन्हें अपने गृह स्थान एवं पुनः विद्यालय वापस आने में किसी तरह का कष्ट न हो।

You are requested to get the railway reservation of your ward done well in time so that they do not face any difficulty in returning to their home and then to school.

'सधन्यवाद',

भवदीय,

अविनाश

(अविनाश रावल)
कर्नल
प्राचार्य

**आन्तरिक :–**

वरिष्ठ अध्यापक / स्थापना / क्वार्टरमास्टर / लेखा / मेस मेनेजर / गश्ती फाइल / परिसंचरण फाइल।

Circulation
– Website Ic
– HouseMasters for info. to Cdts